# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री फतेह सिंह गुर्जर पुत्र श्री निर्भय सिंह गुर्जर जाति गुर्जर निवासी ओण्ड गुर्जर, तहसील महवा जिला दौसा राज0–322240

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा जिला दौसा

अपील संख्या 10/2024

**निर्णय** दिनांक 12.04.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना का बिन्दु सं0 01 व 02 प्रश्नात्मक है एवं बिन्दु सं0 03 व 04 लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/943 दिनांक 14.03.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को बिन्दु संख्या 03 व 04 की सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2024.05.14 10:58:03 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा